शुक्रवार
02 दिसम्बर 2022
डिजिटल संस्करण

केशव टाइम्स
आपकी आवाज

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक



नौ लोगों की रिहाई के आश्वासन पर माने किसान, बक्सर-कोचस मार्ग से हटाया जाम

3



**उज्जैन।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा नौवें दिन मध्यप्रदेश के उज्जैन पहुंची। यात्रा के 85वें दिन इस यात्रा में फिल्म अभिनेत्री स्वरा भास्कर शामिल हुईं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की नीयत साफ है। मुझे इस यात्रा से एक उम्मीद जगी है। कहा कि नफरत से कुछ हासिल नहीं होने वाला है। देश में महंगाई इतनी है और नफरत से लड़ाया जा रहा है। खाएंगे तो अनाज ही न, लाश तो नहीं खा सकते। ये लोगों को समझना होगा।

**समीक्षा बैठक:** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के कार्यों की समीक्षा कर अधिकारियों को दिए निर्देश

# बिहार में फिल्म निमार्ताओं के लिए और सरल होगी प्रक्रिया

### मुख्यमंत्री का निर्देश

- सभी प्रखंडों में बचे हुए स्टेडियमों का निर्माण जल्द पूर्ण कराएं
- स्टेडियमों की साफ-सफाई और मेंटेनेंस की बेहतर व्यवस्था रखें
- खिलाड़ियों के प्रशिक्षण और खेलों का आयोजन कराते रहें



**केटी न्यूज/पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के अंतर्गत बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के कार्यों एवं बिहार फिल्म प्रोत्साहन नीति को लेकर समीक्षा बैठक की। समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में फिल्म निर्माण के प्रोत्साहन के लिए भी कई कदम उठाए गए हैं। राजगीर में फिल्म सिटी का निर्माण कराया जा रहा है। नवादा में शेखोदेवरा को विकसित किया गया है। फिल्म साइट के लिए पहाड़ों एवं अन्य प्राकृतिक जगह विकसित किए गए हैं। यहां कई दर्शनीय स्थल भी हैं। यहां फिल्म निमार्ताओं के लिए प्रक्रिया को और सरल बनायें तथा बेहतर सुविधा उपलब्ध करायें ताकि फिल्म निर्माण करने में उन्हें किसी प्रकार की कठिनाई न हो। राज्य में फिल्म निर्माण से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और लोक कलाकारों को भी मौका मिलेगा साथ ही रोजगार के नये अवसर सृजित होंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में खेलों के विकास के लिए कई कदम उठाए गए हैं। खिलाड़ियों को तत्काल सम्मान एवं नकद पुरस्कार प्रदान कर उन्हें प्रोत्साहित किया जा रहा है। सरकारी सेवाओं में उनकी नियुक्ति की जा रही है। खिलाड़ियों को बेहतर खान-पान के साथ-साथ प्रशिक्षण एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। उन्हें हर प्रकार की सुविधायें उपलब्ध कराते रहें। उन्होंने कहा कि सभी प्रखंडों में स्टेडियम का निर्माण कराया जा रहा है। बचे हुए स्टेडियमों का निर्माण जल्द पूर्ण कराएं। स्टेडियमों की साफ-सफाई और मेंटेनेंस की बेहतर व्यवस्था रखें। वहां खिलाड़ियों के प्रशिक्षण और खेलों का आयोजन कराते रहें। स्कूलों में बच्चे-बच्चियों की पढ़ाई के साथ-साथ खेल-कूद की भी बेहतर व्यवस्था रखें।

### स्पोटर्स डेस्टिनेशन के रूप में उभर रहा बिहार

ैठक में बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रवीन्द्रण शंकरण ने बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के उद्देश्यों, कार्यों, प्रतिभा पहचान प्रशिक्षण कार्यक्रम, खिलाड़ियों को तत्काल सम्मान एवं नकद पुरस्कार आदि के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बिहार खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। बेटों के साथ-साथ यहां की बेटियां राष्ट्रीय स्तर के खेलों में अच्छा प्रदर्शन करते हुए पुरस्कार जीत रही हैं और राज्य सरकार के द्वारा दी जा रही सुविधाओं एवं सहयोग की सभी जगह सराहना कर रही हैं। बिहार स्पोटर्स डेस्टिनेशन के रूप में उभर रहा है। राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के बिहार के कई पूर्व खिलाड़ी यहां आकर खिलाड़ियों को प्रशिक्षित और प्रेरित करना चाह रहे हैं।

## गुजरात विधानसभा चुनाव: 89 सीटों पर 60 .20 फीसदी वोटिंग



**एजेंसी/अहमदाबाद**

गुजरात विधानसभा चुनाव का पहले चरण का मतदान गुरुवार को पूरा हो गया। इसमें 60.20 फीसदी के करीब वोटिंग हुई है। फाइनल आंकड़े चुनाव आयोग बाद में जारी करेगा। लेकिन अबतक के नंबर्स के हिसाब से इसबार 2017 के मुकाबले कम वोट पड़े हैं। 2017 के चुनाव में इन 89 सीटों पर 68 फीसदी वोटिंग हुई थी। बता दें कि पहले चरण में सौराष्ट्र-कच्छ और राज्य के दक्षिणी हिस्सों के 19 जिलों में 89 सीटों पर मतदान हुआ था। पहले चरण में जिन 89 सीटों पर मतदान हुआ वहां 2017 के चुनाव में बीजेपी ने 48 पर जीत हासिल की थी। वैसे तो गुजरात चुनाव का पहला चरण शांति से निपट गया लेकिन नवसारी में वोटिंग से पहले बीजेपी उम्मीदवार पर हमला होने की सूचना है। वहीं जामनगर (उत्तर) जहां से क्रिकेटर रवींद्र जडेजा की पत्नी रिवाबा जडेजा मैदान में हैं, वहां भी वोटिंग हुई। रवींद्र जडेजा ने वोटिंग के बाद इसकी तस्वीर ट्विटर पर साझा की।

# बक्सर में व्यवसायी से 25 लाख के जेवर की लूट

- राजपुर के मनोहरपुर गांव में बाइक सवार अपराधियों ने दिया घटना को अंजाम

**केटी न्यूज/राजपुर बक्सर**

बक्सर जिले में गुरुवार की शाम बेखौफ अपराधियों ने लूट की बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। जानकारी के अनुसार राजपुर के मनोहरपुर गांव स्थित डाकबंगला हाता के पास बाइक सवार चार अपराधियों ने बंदूक की नोक पर बैग में रखे 25 लाख रुपए के आभूषण लूट लिये। व्यवसायी की मानें तो लूट को अंजाम देने के बाद दो बाइक पर सवार कुल चार लूटेरे हथियार लहराते हुए भाग निकले। सरेशाम हुई इस वारदात के बाद पुलिस गश्त पर सवाल उठ रहे हैं। पीड़ित व्यवसायी प्रेमशंकर सेठ अपने पुत्र पिंटू सेठ के साथ मिल तियरा बाजार में आभूषण दुकान चलाते हैं। गुरूवार की शाम वे अपनी दुकान बंद कर गांव लौट रहे थे। इस दौरान तियरा धनसोई मार्ग से निकलने वाले मनोहरपुर मार्ग में डाकबंगला हाता के पास पहले से घात लगाए बैठे हथियार बंद अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया।

सरेशाम हुई इस घटना से व्यवसायियों में दहशत फैल गई है। वहीं घटना के संबंध में डीएसपी गोरख राम ने कहा कि व्यवसायी के साथ लूट की घटना की जानकारी मिली है। घटना के तुरंत बाद अपराधियों की धर-पकड़ के लिए इलाके में नाकेबंदी कर दी गई।

ग्रामीणों ने बताया कि मनोहरपुर गांव स्थित डाक बंगला के पास यह कोई नई घटना नहीं है। इसके पहले भी कई घटनाएं घट चुकी है। 3 साल पहले भी मनोहरपुर गांव के ही दीपक पांडेय को अपराधियों ने बाइक छीनने के दौरान पैर में गोली मार दी थी जिसके चलते गंभीर रूप से जख्मी हो गए इस प्रकार की कई घटनाएं मनोहरपुर तथा तियरा क्षेत्र में हुई है। जिसमें अपराधियों की गिरेबान तक पहुंचने में राजपुर थाना पुलिस पूरी तरह से विफल रही है।

# एसपी की रेड... आबकारी विभाग के थाने में शराब पार्टी करते पकड़ाए दो जवान

**केटी न्यूज/पटना**

पटना जिले के पालीगंज प्रखंड में आबकारी विभाग के थाने में ही शराब पार्टी चल रही थी। आबकारी विभाग ने मंगलवार को 5 लोगों को शराब पीने के आरोप में पकड़ा था। इसके बाद पुलिस उन्हें आबकारी विभाग के थाने ले आई, लेकिन खुद आबकारी विभाग ने उनके लिए शराब की व्यवस्था की। सिपाही कोल्ड ड्रिंक और चखने लेकर पहुंचे थे। पालीगंज एएसपी को इसकी गुप्त सूचना मिली।

इसके बाद उन्होंने अपनी टीम के साथ आबकारी विभाग के थाने में रेड मारी। देखकर टीम के होश उड़ गए। वहां पैग बने हुए थे। कोल्ड ड्रिंक और चखना भी रखा। शराब की बोतलें भी वहां रखी हुई थी। इसी शराब पार्टी में मौजूद एक युवक ने इसका वीडियो बना लिया और वायरल कर दिया। इसके बाद पुलिस ने ये छापेमारी की है। एएसपी ने दोनों जवान सियाराम मंडल और छोटेलाल मंडल के साथ ही पांचों शराबी बिक्रम करसा रोड के कुंदन कुमार, बिक्रम के चंदन कुमार, दुल्हिन बाजार के शहंशाह अंसारी, अख्तियारपुर के रामजी मांझी और मंझौली के संजय मांझी को गिरफ्तार कर लिया है।

## पत्नी संग पटना पहुंचे पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद

**पटना।** पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद गुरुवार की शाम अपनी पत्नी के साथ पटना पहुंचे। बिहार राज भवन में राज्यपाल फागू चौहान ने उनका स्वागत किया। रामनाथ कोविंद शुक्रवार को बोधगया में विशेष पूजा में शामिल होंगे। वहीं केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण गुरुवार की शाम गया पहुंचीं। वह शुक्रवार को बोधगया में विशेष पिंडदान कार्यक्रम में शामिल होंगी।

## गया में नक्सलियों ने चिपकाया पोस्टर

**गया।** भाकपा माओवादी संगठन ने गया जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्र डुमरिया के कई इलाकों में पोस्टर चस्पा कर कुछ लोगों को जन अदालत में हाजिर होने का फरमान जारी किया है। हालांकि जन अदालत कब और कहां लगेगी, इस बात का खुलासा संगठन की ओर से पोस्टर में नहीं किया गया है।

# भाजपा हमारा कुछ नहीं बिगाड़ सकती यहां गुंडई नहीं चलेगी : शिवपाल यादव

**चाचा-भतीजे के एक होने की वजह से ही बौखलाए हैं भाजपा के नेता**

**एजेंसी/मैनपुरी**

उत्तर प्रदेश के मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी डिंपल यादव के समर्थन में चुनाव प्रचार कर रहे प्रसपा प्रमुख शिवपाल यादव ने भारतीय जनता पार्टी पर जमकर हमला बोला है।उन्होंने कहा कि भाजपा हमारा कुछ नहीं बिगाड़ सकती। यहां गुंडई नहीं चलेगी। हम जांच से नहीं डरते हैं। शिवपाल ने कहा कि डिंपल यादव सभी मैनपुरी की सभी विधानसभाओं से जीत रही हैं। यहां किसी की जबरदस्ती नहीं चलेगी। जनता पहले से ही सचेत है। शिवपाल ने कहा कि यहां कोई पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के बल पर चुनाव नहीं जीता है। सुरक्षा वापस लिए जाने पर शिवपाल ने कहा कि हमें इसकी कोई चिंता नहीं है। मैं छह बार विधायक और दो बार मंत्री रहा हूं। कोऑपरेटिव बैंक में 35 साल रहा। मुझसे सीनियर कौन है। प्रसपा प्रमुख ने कहा कि चाचा-भतीजे एक होने की वजह से ही भारतीय जनता पार्टी के नेता बौखलाए हुए हैं। शिवपाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा यह चाहती है कि हम लोग आपस में लड़ते रहें और यह लोग राज करते रहे हैं। यूपी के राज्य मंत्री असी अरुण के राष्ट्रवाद बनाम परिवारवाद के बयान पर शिवपाल ने कहा कि हम लोग (शिवपाल-अखिलेश) एक हो गए तो परिवारवाद हो गया और अलग थे तो यही लोग कहते थे कि चाचा-भतीजे में बन नहीं रही है।

## काली कमाई करनेवाले अफसर-कर्मियों पर होगी सख्त कार्रवाई

**भागलपुर।** भागलपुर में पत्थर व बालू माफियाओं के सहयोगी अफसर व कर्मचारियों पर गाज गिरनी तय है। इसको लेकर कृषि मंत्री सह जिला के प्रभारी मंत्री कुमार सर्वजीत ने गुरुवार को डीएम और एसएसपी को निर्देश दिए हैं। प्रभारी मंत्री ने कहा कि जांच में दोषी पाये जाने वालों को निलंबित नहीं नौकरी से बर्खास्त किया जाएगा। पीरपैंती के भाजपा विधायक ललन पासवान की शिकायत को प्रभारी मंत्री ने गंभीरता से लेते हुए डीएम को निर्देश दिया कि इस मामले में संलिप्त अफसर व कर्मियों का पता लगाएं। जांच में यदि अधिकारियों की संलिप्तता पायी जाती है ऐसे अफसरों-कर्मचारियों की संपत्ति की भी जांच करायी जाएगी। ताकि काली कमाई का खुलासा हो और उन्हें कड़ी सजा दिलाई जाएगी।

**योगी सरकार का तोहफा: प्रदेश के हर जिले में एक मेडिकल कॉलेज खोलने की तैयारी**

# उप्र के मेडिकल कॉलेजों में होंगी 45 हजार भर्तियां

**एजेंसी/लखनऊ**

उप्र के मेडिकल कॉलेजों में बड़ी संख्या में भर्तियां होंगी। प्रदेश की योगी सरकार ने राज्य के मेडिकल कॉलेजों और चिकित्सा संस्थानों की दशा सुधारने की दिशा में अहम कदम उठाने की तैयारी की है। गुरुवार को उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने इसके लिए 45 हजार भर्ती किए जाने की जानकारी दी है। ये भर्तियां मेडिकल कॉलेज और चिकित्सा संस्थानों में डॉक्टर, पैरामेडिकल स्टाफ और कर्मचारियों के रूप में होने जा रही हैं। इस पहल से बेहतरीन डॉक्टरों को तैयार करने के साथ ही प्रदेश में मरीजों को बेहतर इलाज मिल सकेगा। इस बीच



नए पदों के सृजन को मंजूरी प्रदान की गई। सरकार प्रदेश के हर जिले में एक मेडिकल कॉलेज खोलने की तैयारी में है। मौजूदा समय प्रदेश में 35 मेडिकल कॉलेजों का संचालन हो रहा है। उन्होंने कहा कि मरीजों को बेहतर इलाज के साथ बेरोजगारों को नौकरी भी मिलेगी। प्रदेश सरकार अपने वादे को पूरा करेगी।

### मरीजों को इलाज और बेरोजगारों को नौकरी देना सरकार का लक्ष्य

उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि पीपीपी मॉडल पर भी मेडिकल कॉलेज खोले जा रहे हैं। इससे मरीजों को इलाज के लिए अधिक सफर नहीं तय करना होगा। मरीज को उनके जिले में ही विशेषज्ञ डॉक्टर से इलाज मिल सकेगा। सरकार का लक्ष्य है कि मरीजों को सही तरीके से इलाज भी हो जाए और बेरोजगारों को नौकरी भी मिल जाए। इससे न केवल स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार होगा बल्कि स्वास्थ्य सेवा के मामले में सरकार के नाम उपलब्धि जुड़ेगी।

### सुपर स्पेशियालिटी संस्थानों में 10 हजार 42 पदों का सृजन

राजकीय मेडिकल कॉलेजों में 45 हजार से अधिक पदों के सृजन किया जा चुका है। अब सुपर स्पेशियालिटी संस्थानों में पदों का सृजन किया गया है। 10 हजार 42 पदों का सृजन किया गया है। इसमें 1 हजार 256 फैकल्टी और 8 हजार 786 नर्स, पैरामेडिकल और लिपिक संवर्ग के पदों का सृजन किया गया है। अकेले लोहिया संस्थान में 3 हजार 862 नए पद स्वीकृत किए गए हैं। इसमें 803 शैक्षणिक व 3 हजार 59 गैर शैक्षणिक पदों का सृजन किया गया है।




## खबरें फटाफट

### ट्रेन की चपेट में आने से युवती जख्मी

**आरा।** आरा-सासाराम रेलखंड पर उदवंतनगर थाना क्षेत्र के कसाप गांव के पास ट्रेन की चपेट में आने से एक युवती गंभीर रूप से जख्मी हो गई। आरा सदर अस्पताल में प्राइमरी इलाज के बाद उसे पटना रेफर कर दिया गया है। जख्मी युवती कसाप गांव निवासी 18 वर्षीया पुत्री सकरतिया कुमारी है। उसके परिजनों ने बताया कि गुरुवार की दोपहर वह खेत से धान का बोझा ढोने गयी थी। उस दौरान वह बोझा लेकर ट्रैक पार कर रही थी। तभी ट्रेन की चपेट में आ गई। उससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गई। उसके बाद उसे इलाज के लिए उदवंतनगर पीएचसी ले जाया गया। वहां से आरा सदर अस्पताल और फिर पटना रेफर कर दिया गया।

### नहर में डूबने से मजदूर की मौत

**जहानाबाद।** जिले के विसुनगंज ओपी क्षेत्र के भैख गांव में गुरुवार को एक मजदूर की मौत नहर में डूबने से हो गई। मृतक भैख गांव निवासी सत्येन्द्र मांझी बताया जाता है। जानकारी के अनुसार भैख गांव निवासी सत्येन्द्र गया जिले के शेरघाटी में ईंट भट्ठे पर काम करता था। वो रविवार के लिए निकला था, लेकिन बुधवार तक नहीं पहुंचा। वहीं ग्रामीणों ने गुरुवार को गांव से गुजरे नहर में उसका शव को तैरता देखा, तो परिवार वालो को जानकारी दी। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। ओपी प्रभारी रणधीर कुमार विराजी ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल जहानाबाद भेजा है। वहीं घटना के बाद गांव का माहौल गमगीन हो गया है।

### मारपीट में छह लोग जख्मी

**जहानाबाद।** जिले के मखदुमपुर थाना क्षेत्र के कोयली गांव में फसल चराने के कारण दो पक्षों में जमकर चली लाठी एवं ईट जिसमें 6 लोग घायल हुए। इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां डॉक्टर द्वारा इलाज किया जा रहा है। बताया जाता है कि शैलेश कुमार एवं राम लखन यादव के बीच धान चराने को लेकर विवाद हो गया। इसी विवाद में दोनों के बीच लाठी-डंडे एवं ईट पत्थर चलने लगे जिसके कारण तीन तीन व्यक्ति दोनों तरफ से घायल हो गया। यह घटना गुरुवार की है। इस घटना की सूचना स्थानीय थाने के पुलिस को दी गई। जिसके बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पीड़ित राम लखन यादव ने बताया कि शैलेश कुमार का जानवर शैलेश कुमार का जानवर धान चराने लगा इसी बात को जब मैं मना किया तो उन लोगों ने। मेरे साथ व्यक्ति गाली गलौज करने लगा जब मैं मना किया तो वह आग बबूला हो गया और लाठी डंडे एवं एक पत्थर से मारकर हम लोगों को घायल कर दिया।

# निजी क्लीनिकों को टीबी मरीजों का आंकड़ा उपलब्ध कराना जरूरी: डॉ राकेश

- टीबी मरीजों की जानकारी उपलब्ध कराने वाले निजी क्लीनिकों को सरकार देगी प्रति मरीज 500 रुपये
- निजी क्लीनिकों से सहयोग के लिए पहुंची एसटीएसयू की टीम



**केटी न्यूज/सासाराम**

2025 तक देश को टीबी मुक्त बनाने के लिए केंद्र सरकार लगातार अभियानों एवं विभिन्न योजनाओं के तहत टीबी से संक्रमित मरीजों का पता लगाकर उनका इलाज कराने को लेकर प्रयासरत है। इसके लिए राज्य स्तर पर भी जिला स्वास्थ्य समिति को कई दिशा निर्देश जारी करके टीबी पीड़ित मरीजों की खोजी अभियान जारी है। वहीं, टीबी खोजी अभियान को और बेहतर करने के लिए निजी संस्थाओं से भी मदद ली जा रही है। इसके अलावा सरकार द्वारा निजी क्लीनिकों से भी टीबी से पीड़ित मरीजों का आंकड़ा उपलब्ध कराने के लिए दिशानिर्देश जारी किए गए हैं। रोहतास जिले में निजी क्लीनिकों को दिशा निर्देश जारी कर दिए गए हैं। टीबी के मरीज पाए जाने पर उनकी जानकारी स्थानीय सरकारी स्वास्थ्य विभाग स्थित यक्ष्मा केंद्र को देने के निर्देश दिए गए हैं। जिला स्वास्थ्य समिति से मिली जानकारी के अनुसार टीबी मरीजों का आंकड़ा उपलब्ध कराने के लिए निजी क्लीनिकों से एक साल में 2500 के आसपास लक्ष्य रखा गया है।

### निजी क्लीनिकों से सहयोग के लिए पहुंची टीम

यक्ष्मा केन्द्र द्वारा चलाए जा रहे जांच अभियान के दौरान जिले में लगातार टीबी के मरीज पाए जा रहे हैं। जिले में छुपे टीबी के मरीजों को अधिक से अधिक पता लगाया जाए इसके लिए निजी क्लीनिकों से भी सहयोग मांगा गया है। राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम को लेकर एसटीएसयू (स्टेट टीम सपोर्ट यूनिट) की दो सदस्यीय टीम रोहतास जिला पहुंची थी। इस टीम ने सासाराम एवं डेहरी अनुमंडल स्थित एक दर्जन से अधिक प्रसिद्ध निजी क्लीनिकों के डॉक्टरों से मुलाकात की। इस दौरान टीम में शामिल विनीता सिंह एवं पौलमी बासु ने 2025 तक टीबी मुक्त देश को लेकर डॉक्टरों से चर्चा की।

### निजी क्लीनिकों को मिलेगा प्रति मरीज 500 रुपये

स्टेट टीम सपोर्ट यूनिट के कर्मियों ने बताया कि निजी क्लीनिकोंको टीबी का इलाज करा रहे मरीजों की जानकारी उपलब्ध कराना जरूरी है। टीबी मरीजों की जानकारी उपलब्ध कराने पर प्रति मरीज 500 रुपये भी सरकार मुहैया करवा रही है।

### आंकड़ा उपलब्ध कराना जरूरी

यक्ष्मा केंद्र के नोडल पदाधिकारी डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि देश टीबी मुक्त तभी हो सकता है जब हम पूरी तरह से टीबी के मरीजों को ठीक कर पाएं। टीबी के मरीजों की जानकारी इकट्ठा की जा रही है। इसके लिए निजी क्लीनिकों से भी आंकड़े मांगे जा रहे हैं।

## दोस्त की बहन की शादी में भदवर गांव जाने के दौरान हुआ सड़क हादसा

# भोजपुर में बेलगाम कार ने बाइक सवार तीन दोस्तों को मारी ठोकर, एक की मौत


घटना की जानकारी मिलने के बाद रोते-बिलखते परिजन। इनसेट में मृतक की फाइल फोटो।

- घायलों में एक की हालत भी गंभीर इलाज के लिए पटना रेफर
- स्नातक का छात्र था मृतक, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल
- धुंधुआं गांव निवासी पशुराम राय का 18 वर्षीय था मृतक

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के गीधा ओपी क्षेत्र के कायमनगर पुल के पास आरा-पटना फोरलेन पर बुधवार की रात तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार तीन दोस्तों को रौंदा डाला। उसमें एक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि दो दोस्त गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घायलों में भी एक की हालत चिंताजनक बनी है। आरा सदर में इलाज के बाद उसे पटना रेफर कर दिया गया है। वहीं दूसरे का इलाज आरा में कराया जा रहा है। मृतक मुफस्सिल थाना क्षेत्र के धुंधुआं गांव निवासी पशुराम राय का 18 वर्षीय पुत्र राकेश कुमार था। वह स्नातक का छात्र था। घायलों में उसी गांव के निवासी दसई राय के 22 वर्षीय पुत्र सरोज कुमार और शिवजी राय के 18 वर्षीय पुत्र मन कुमार शामिल है। जख्मी सरोज कुमार ने बताया कि बुधवार की रात तीनों बुधवार की रात अपने दोस्त नीतीश की बहन की शादी में चांदी थाना क्षेत्र के भदवर गांव जा रहे थे। इस बीच कायमनगर के समीप कार ने बाइक में ठोकर मार दी।

### दो भाइयों में छोटा था राकेश, मचा कोहराम

सड़क हादसे ने होनहार छात्र की जान ले ली। उसकी मौत से घर में कोहराम मचा है। बताया जाता है कि राकेश कुमार अपने दो भाइयों में सबसे छोटा था। उसके परिवार में मां, बहन प्रीति, सुनीता और भाई बिकेश है। हादसे के बाद छात्र की मां सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल था।

### बंद हो गई थी बाइक, धक्का देकर ले जाते समय हुई दुर्घटना

सरोज कुमार ने बताया कि कायमनगर के पास उनलोगों की बाइक अचानक खराब हो गई। उस कारण शादी में जाने का प्रोग्राम रद्द हो गया और तीनों वापस लौटने लगे। उस दौरान बाइक को धक्का देकर तीनों उस पर बैठ गये। तभी कायमनगर पुल के समीप टर्निंग पर पटना की ओर से आ रही कार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। उसमें राकेश कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। वह और मन कुमार भी गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उसके बाद तीनो को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहां प्राथमिक उपचार करने के बाद मन कुमार की हालत को चिंताजनक देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया। सूचना मिलने पर टाउन पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराया।

# फ्लैट देखने के बहाने आए दंपति जेवर और नगदी लेकर फरार, दोनों गिरफ्तार

- चाय पीने के बाद ले भागे साढ़े दस हजार नगदी और जेवर
- पूछताछ करने पर की मारपीट, बाद में फेसबुक पोस्ट से हुई गहनों की पहचान



**केटी न्यूज/आरा**

जिला मुख्यालय स्थित आनंद नगर मोहल्ले में फ्लैट देखने के बहाने एक दंपति पड़ोसी के घर से जेवर और नगदी ले उड़े। चोरी की जानकारी मिलने पर पड़ोसी ने पूछताछ की तो दंपति द्वारा पहले तो मारपीट भी की गयी। बाद में चोरी के गहनों के साथ फोटो फेसबुक पर पोस्ट कर दिया। उसके बाद पुलिस ने दंपति को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार दंपति कोईलवर के किशुनपुरा गांव निवासी विष्णु शंकर सिंह और उनकी पत्नी मुन्नी देवी है। इनके पास से चोरी गयी सोने की एक चेन भी बरामद की गयी है।

फिलहाल दोनों आनंद नगर में ही रहते हैं। चोरी की वारदात आनंद नगर निवासी देवेंद्र सिंह के घर अक्टूबर में हुई थी। उसे लेकर उनकी पत्नी कृष्णा देवी ने एक-दो रोज पहले दंपति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। प्राथमिकी में कहा गया है कि 26 अक्टूबर को मुन्नी देवी अपने पति के साथ कृष्णा देवी के फ्लैट पर आयी। तब दोनों को चाय पिलाने के बाद कृष्णा देवी छत पर कपड़ा लेने चली गयी। कुछ देर बाद लौटी, तो दंपती गायब थे। उनके घर में रखा बक्सा का ताला टूटा था। जांच करने पर बक्से से उनकी बेटी के सभी जेवर और बच्चों के स्कूल फी जमा करने के लिए रखा साढ़े दस हजार रुपए भी गायब था। इस पर हल्ला मचाया, तो मोहल्ले के अन्य लोग पहुंचे। उसके बाद सभी दंपति को खोजते उनके आवास पर गये, तो पता चला कि दोनों गांव चले गये हैं। वहां जाने और चोरी के बारे में पूछताछ करने पर मारपीट कर भगा दिया गया। कुछ दिन बाद मुन्नी देवी द्वारा चोरी गये गहनों के साथ फेसबुक पर फोटो डाला गया। उसे देख कृष्णा देवी ने अपने गहनों की पहचान कर ली और थाने में शिकायत दर्ज करायी गयी। उसके बाद पुलिस ने दंपती को दर दबोचा।

# गैस सिलेंडर का पाइप फटने से होमगार्ड जवान की पत्नी की मौत

- गैस चूल्हा पर खाना बनाने के दौरान हुआ हादसा, मौके पर गयी जान

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के सिन्हा ओपी क्षेत्र के मौजमपुर गांव में गुरुवार की देर शाम गैस सिलेंडर का पाइप फटने से घर में आग लग गयी। उसमें झुलसने एक होमगार्ड जवान की पत्नी की मौत हो गई। मृतका मौजमपुर गांव वार्ड नंबर 9 निवासी अमर सिंह की 40 वर्षीय पत्नी रूपा देवी थी। उसके पति अमर सिंह सहार थाने में तैनात हैं। इधर, महिला द्वारा खुदकुशी किये जाने की भी चर्चा है। घटना की सूचना मिलते ही सपुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाया गया।

अमर सिंह ने बताया कि गुरुवार की शाम उनके सभी बच्चे ट्यूशन पढ़ने गए थे और वह अपने ड्यूटी पर थे। गुरुवार की शाम उनके घर में कोई नहीं था। उनकी पत्नी रूपा देवी गैस चूल्हा पर खाना बना रही थी। उसी दौरान अचानक गैस सिलेंडर का पाइप फट गया।

उससे वह बुरी तरह झुलस गई और उसकी मौत हो गई। इसके बाद शाम करीब साढ़े चार बजे वहां के ग्रामीणों ने उन्हें फोन कर उन्हें सूचना दी कि उनके घर में आग लग गई है। सूचना पाकर जब वह गांव पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि उनकी पत्नी मृत अवस्था में पड़ी है। उसके बाद उन्होंने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। बताया जाता है कि महिला को दो पुत्र अमित कुमार,रीतराज कुमार व दो अमृता कुमारी एवं छवी कुमारी है। घटना के बाद मृतका के घर में हाहाकार मच गया है। घटी इस घटना के बाद मृतका के परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# जैविक खेती मिट्टी व इंसानों के लिए फायदेमंद : डीएम

- किसान संगोष्ठी सह बीज वितरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन


कार्यक्रम का जायजा लेते डीएम व अन्य

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

जिले के रतनी फरीदपुर प्रखंड अंतर्गत नारायणपुर पंचायत के पतियावां गांव में गुरुवार को किसान संगोष्ठी सह बीज वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जहां वेटिगो कार्ट प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक रूद्रेश शर्मा ने बताया कि समारोह में आर्थिक रूप से कमजोर किसानों के बीच काला गेहूं, जिंक गेहूं, सोनामोती गेहूं आदि बीज का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी रिची पाण्डेय सम्मिलित हुए। जबकि जिला कृषि पदाधिकारी संजय कुमार, जिला आत्मा पदाधिकारी राकेश कुमार सम्मानित अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान काला गेहूं, जिंक गेहूं, सोनामोती गेहूं, रूपाली गेहूं के अलावे कई तरह के जैविक खाद का प्रदर्शनी भी लगाई गई थी। जिलाधिकारी ने किसानों को संबोधित करते हुए सरकार के द्वारा किसानों के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रमों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। उन्होंने वेटिगो कार्ट प्रइवेट लिमिटेड के द्वारा किए जा रहे प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इसी तरह के प्रयास से किसानों की आर्थिक स्थिति सुधरेगी। जिलाधिकारी ने जैविक खेती का फायदा भी लोगों को समझाया। कहा कि इससे न तो मिट्?टी और न ही इंसानों को कोई नुकसान होगा। वेटिगो कार्ट प्रइवेट लिमिटेड के द्वारा जिला पदाधिकारी के हाथों काफी किसानों को शॉल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नीतीश मंगलम और रूपेश मंगलम ने किसानों को जैविक खेती का फायदा बताया और जहानाबाद का प्रोडक्ट विदेशों में एक्सपोर्ट हो रहा है इसके बारे में जानकारी दी। उन्होंने प्रोम खाद का उद्योग जहानाबाद में लगाने की बात बताई और बताया कि जल्द ही वेटिगो का ऐप्लिकेशन बाजार में आ जाएगा तो किसानो के लिए सारा कृषि इनपुट एक छत के नीचे उपलब्ध होगा। आज जहानाबाद का प्रोडक्ट भारत के सारे महानगरों में उपलब्ध है। ये जहानाबाद के लिए गर्व का विषय है। आने वाले दिनों में जहानाबाद में और भी फूड प्रोसेसिंग उद्योग लगाया जाएगा। जिसके लिए कंपनी लगातार प्रयास कर रही है। किसानों जिन्हें सम्मानित किया गया। उनमें मुख्य रूप से ललन शर्मा अमरपुर, संतोष शर्मा ढिबरी, प्रियरंजन शर्मा सलेमपुर, राजेश्वर शर्मा सलेमपुर, सत्येन्द्र शर्मा घेजन, नथुनी यादव, भैखा यादव, पूजन दास, जितेंद्र शर्मा लारी, रमाकांत शर्मा घेजन को सम्मानित किया गया।

## एक नजर

### बीआरसी में प्रखंड स्तरीय दिव्यांग खेलकूद प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा



**नावानगर।** नावानगर बीआरसी में प्रखंड स्तरीय दिव्यांग खेलकूद समेत अन्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड क्षेत्र के सभी मिडिल स्कूलों के दिव्यांग छात्रों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में औव्वल रहे छात्रों को पुरस्कृत किया गया। खेल प्रतियोगिता में अंश कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, द्वितीय स्थान पर बेबी कुमारी तथा तृतीय स्थान पर नीतीश कुमार रहे। जबकि संगीत प्रतियोगिता में बेबी कुमारी प्रथम स्थान पर आई वही सौरभ कुमार द्वितीय तथा नेहा कुमारी तृतीय स्थान पर रहे। पेंटिंग प्रतियोगिता का परिणाम निर्णायक कमेटी ने सुरक्षित रखा है। प्रतियोगिता की अध्यक्षता बीईओ बसरुद्दीन अंसारी ने किया। उन्होंने बताया कि दिव्यांग दिवस के उपलक्ष्य में यह प्रतियोगिता आयोजित कराई गई थी। मौके पर साक्षर भारत के केआरपी उषा कुमारी, शिक्षक रविंद्र कुमार सिंह उर्फ रवि अनिल कुमार सिंह, ऑपरेटर रितेश कुमार, नौलखा पासवान, सुनील कुमार यादव समेत कई अन्य शिक्षक एवं समाजसेवी मौजूद थे।

### पेंटिंग के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने लोगों को एड्स के प्रति जागरुकता का दिया संदेश



**डुमरांव।** यूथ सहर वेलफेयर फाउंडेशन नई दिल्ली एवं एनएसएस, डीके कॉलेज, डुमरांव के संयुक्त तत्त्वधान में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर एचआइवी-एड्स के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए एक चित्रकारी प्रतीयोगिता का आयोजन किया गया। डीके कॉलेज के मनोविज्ञान विभाग के प्रागण में यह पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस प्रतियोगिता में पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की गई। यूथ सहर वेलफेयर फाउंडेशन के मोहम्मद अम्मार खान ने बताया कि एड्स पूरी दुनिया के लिए एक चैलेंज बन चुका है। एड्स से बचाओ सिर्फ सावधानी और अपने पार्टनर के प्रति ईमानदरी है। अम्मार खान ने कहा कि हमारी संस्था पूरे देश में कई जगहों पर एड्स दिवस पर जाइडस के प्रति जागरूकता अभियान चला रही है। इसमें सभी नागरिकों को अपन भूमिका निभाते हुए सबको जागरूक करना चाहिए। इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने एचआईवी-एड्स के कारण, लक्षण, खतरे व बचाव से संबंधित जानकारियों वाले बैनर और पोस्टर बनाये। छात्रों ने पेंट और ब्रश के माध्यम से एक से बढ़कर कागज पर प्रेरक आकृतियां उकेरकर लोगों को एड्स से बचाव के लिए जागरूक करने का प्रयास किया।

### एएनएम को दी गई एस फॉर्म रिपोर्टिंग की जानकारी



**जहानाबाद।** जिला स्वास्थ्य समिति के सभागार गुरुवार को एएनएम का मास्टर ट्रेनर हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण सह उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में एकीकृत रोग सर्वेक्षण कार्यक्रम अंतर्गत के तहत आईएचआईपी पोर्टल पर सिंड्रोमिक (एस) फॉर्म रिपोर्टिंग का विस्तृत रूप से पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य प्रशिक्षण प्राप्त एएनएम अपने प्रखंड अंतर्गत स्वास्थ्य उप केंद्र की एएनएम को इस कार्यक्रम के तहत आईएचआईपी पोर्टल पर रिपोर्टिंग से संबंधित उन्मुखीकरण सह प्रशिक्षित करेगी, साथ ही रोग निगरानी कार्यक्रम के तहत क्षेत्र में फैल रहे बीमारियों के बारे में लोगों को जागरूक करेगी तथा इसकी सूचना पोर्टल के माध्यम से प्रखंड एवं जिला को भेजेगी। जिस पर समय रहते निरोधात्मक एवं उपचारात्मक कार्रवाई की जा सकेगी। प्रत्येक प्रखंड से तीन-तीन एनएम इस प्रशिक्षण में भाग लिए। जबकि दो प्रखंड काको एवं मखदुमपुर से चार-चार एनएम प्रशिक्षण में शामिल हुई। प्रशिक्षण का आयोजन सिविल सर्जन की अध्यक्षता मैं किया गया। प्रशिक्षक के रूप में जिला एपिडेमियोलॉजिस्ट, जिला डाटा प्रबंधक, डीईओ तथा डिस्टिक कोऑर्डिनेटर आद्री संस्था के द्वारा किया गया।

### प्रभारी प्रधानाध्यापिका को दी गई विदाई



**जहानाबाद।** शहर के प्रसिद्ध विद्यालय गौतम बुद्ध इंटर विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका के पद कार्यरत सियामणि कुमारी गुरुवार को अपने कार्यकाल से सेवानिर्वित्त हो गईं। इस अवसर पर विद्यालय में विदाई सह सम्मान सामारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में माध्यमिक शिक्षक संघ जहानाबाद के सचिव श्री विद्यानंद शर्मा तथा विशेष अतिथि के रूप में सेवानिर्वित शिक्षक मो. मंजूर हुसैन उपस्थित थे। इस अवसर पर मंच का संचालन श्री अनिल कुमार सहायक शिक्षक ऊङ्क विङ्क खैरा ने किया। मुख्य अतिथि महोदय ने श्रीमती सियामणि कुमारी को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं तथा विद्यालय के नए प्रभारी प्रधानाध्यापक मनोज कुमार को आश्वस्त किया कि किसी प्रकार की कठिनाई होने पर माध्यमिक शिक्षक संघ का हर संभव सहयोग रहेगा। इस अवसर पर विद्यालय के तमाम शिक्षक तथा क्षात्र उपस्थित थे।

## खबरें फटाफट

### सोनवर्षा व वैना में उपभोक्ता का काटा कनेक्शन

**नावानगर।** सोनवर्षा एवं वैना में बुधवार को एक-एक उपभोक्ता का बिजली कनेक्शन काटा गया। दोनों उपभोक्ता का लंबे समय से बिजली बिल बकाया था। जिनको बार-बार नोटिस भेजने के बावजूद बकाया बिजली बिल जमा नहीं किया गया। जिसके बाद कंपनी के अधिकारी के निर्देश पर दोनों उपभोक्ताओं का कनेक्शन काट दिया गया है। जेई विपिन किशोर ने बताया कि वैना के आटा चक्की संचालक भीम कमकर तथा सोनवर्षा के लेथ मशीन संचालक राजनारायणसे अधिक बकाया है, उनका जल्द ही कनेक्शन काट दिया जाएगा। जेई ने बकायेदार उपभोक्ताओं से अपील किया कि जल्द ही बिजली बिल जमा कर दे, अन्यथा उनका कनेक्शन काट दिया जाएगा।

### अगले पांच दिन बाधित रहेगी बिजली

**केसठ।** मेंटेनेंस वर्क के चलते केसठ प्रखंड के विभिन्न गांवों में पांच दिनों तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। इस संदर्भ में जानकारी देते हुए केसठ के जेई संदीप कुमार शुक्ल ने बताया कि नावानगर से रामपुर तक 400 केवी का तार बदला जाएगा एवं मरम्मत की जाएगी। जिसके कारण प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में आज से सोमवार तक सुबह 9:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। वहीं उन्होंने लोगों से अपील किया कि सभी जरूरी कार्य सुबह नौ बजे के पहले कर ले। गौरतलब है कि लंबे समय से इस क्षेत्र में मेंटेनेंस वर्क नहीं चला था।

### पांच किलो गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

**बक्सर।** स्थानीय रेलवे स्टेशन से आरपीएफ ने गुरुवार को नार्थ ईस्ट एक्सप्रेस से गांजा लेकर उतर रहे एक युवक को गिरफ्तार किया। जिसके पास से 5 किलो गांजा भी बरामद हुआ। पुलिस ने पूछताछ के बाद उसे जेल भेज दिया। गिरफ्तार तस्कर बलिया का रहने वाला शिवम कुमार बताया जा रहा है। इस संबंध में आरपीएफ इंस्पेक्टर दीपक कुमार ने बताया कि गुरुवार की सुबह बक्सर स्टेशन पर जांच की जा रही थी। इसी बीच नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस बक्सर स्टेशन पर रुकी तभी एक युवक ट्रेन से उतरकर तेजी में भागने लगा। जवानों ने युवक को देखता, तो उनको शक हुआ। जिसके बाद जवानों ने युवक का पीछा किया और उसे पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके बैग से 5 किलो गांजा बरामद हुआ।

### विश्व एड्स दिवस कार्यशाला का आयोजन

**बक्सर।** विश्व एड्स दिवस के अवसर पर सदर अस्पताल बक्सर के सभागार मे एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन गुरूवार को किया गया। जिसका उद्घाटन सिविल सर्जन डॉ. जितेन्द्र नाथ के ने किया। सभा का शुभारम्भ परामर्शी सह प्रभारी पर्यवेक्षक शिवकृपाल दास ने सभी का स्वागत किया। मंच का संचालन जयमंगल राय ने किया। टीआई एनजीओ के परियोजना प्रबंधक नरेन्द्र कुमार पाण्डेय द्वारा एचआईवी व एड्स कार्यक्रम के बारे में विस्तार पूर्वक मौजूद लोगों को जानकारी दी गई।

# किशोरियों में कुपोषण का एक कारण लैंगिक भेदभाव भी, सोच में बदलाव से ही मिटेंगी दूरियां

- सुरक्षित मातृत्व की राह में सबसे बड़ी बाधा है कुपोषण
- बच्चियों और किशोरियों के पोषण के लिए लोगों को होना होगा जागरूक
- स्वस्थ गर्भवती ही होती है स्वस्थ नवजात की जननी



**केटी न्यूज/बक्सर**

कुपोषण को दूर करने के लिए स्वास्थ्य विभाग और आईसीडीएस विभाग के द्वारा कई कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसका लाभ बच्चों, किशोरियों और गर्भवती महिलाओं को मिलता है। लेकिन कुपोषण की मुख्य समस्या का निदान तभी हो सकता है, जब लोग स्वयं अपने परिवार के सदस्यों को कुपोषण से बचाने के लिए जागरूक होंगे। अमूमन देखा जाता है कि गर्भवती महिलाओं के कुपोषित होने के कारण बच्चे भी कुपोषित हो जाते हैं। जो बच्चों के पोषण और उनके शारीरिक और मानसिक विकास में भी बड़ी बाधा है। इसलिए यदि गर्भवती महिलाओं को गर्भ धारण से पहले और प्रसव के बाद तक सुपोषित रखने की जरूरत है। ताकि, प्रसव के बाद नवजात बच्चा भी सुपोषित रहे। आज के दौर में जब महिलाएं स्वस्थ माता बनने तक हीं सीमित नहीं, बल्कि दूसरी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां भी सफलता से उठा रही तो ऐसे में किशोरियों के स्वास्थ्य के प्रति किसी भी प्रकार की लापरवाही उनके भविष्य और सुरक्षित मातृत्व के लिए बाधक साबित हो सकती है।

### सुपोषित माता ही होती है स्वस्थ शिशु की जननी

राष्ट्रीय पोषण मिशन के जिला समन्वयक महेंद्र कुमार ने बताया, पोषण की किशोरियों के स्वास्थ्य व स्वस्थ मातृत्व में सबसे अहम भूमिका है। इस दौरान आहार में जरूरी पोषक तत्वों और आयरन की कमी को पूरा कर रक्ताल्पता और दूसरे पोषण संबन्धित समस्याओं को दूर किया जा सकता है। जिससे भविष्य में प्रसव के दौरान व मां बनने के बाद संभावित जटिलताओं में काफी कमी आ जाती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार लगभग 80 प्रतिशत शारीरिक विकास किशोरावस्था में हो जाता है, इसलिए ना सिर्फ सुरक्षित मातृत्व बल्कि मानसिक और बौद्धिक विकास के लिए भी किशोरियां के पोषण की जरूरतों को नजरंदाज करना नुकसानदायक हो सकता है।

### बच्चियों के अभिभावकों को जागरूक होने की जरूरत

आईसीडीएस की डीपीओ तरणि कुमारी ने बताया, आईसीडीएस के द्वारा जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्र के पोषण क्षेत्र में गर्भवतियों और बच्चों को पोषण का लाभ दिया जाता है। ताकि, जिले से कुपोषण को पूरी तरह से मिटाया जा सके। उन्होंने कहा कि स्त्री जननी होती है और नवजात को जन्म देकर वंश को आगे बढ़ाने की धूरि मानी जाती। लेकिन, अभी भी समाज में कई लोग ऐसे हैं, जो पुत्र मोह में अपनी बेटियों की सेहत और उसके पोषण को लेकर उदासीन और लापरवाह दिखते हैं। यह सभी को समझने की जरूरत है कि एक सुपोषित किशोरी ही आगे चलकर एक स्वस्थ बच्चे की जननी हो सकती है। किशोरी एवं मातृ पोषण के अभाव में ही नवजात एवं माता की मृत्यु अधिकतर देखी जाती हैं।

## जमीन अधिग्रहण का मामला: चौसा में 24 घंटे बाद खत्म हुआ किसानों का प्रदर्शन

# नौ लोगों की रिहाई के आश्वासन पर माने किसान, बक्सर-कोचस मार्ग से हटाया जाम

- प्रशासन की अपील, हम सहयोग को तैयार, लेकिन कानून हाथ में न ले किसान

**केटी न्यूज/चौसा**

चौसा में सड़क जाम कर रहे किसानों व प्रशासन के बीच गुरुवार को दोपहर बाद समझौता हुआ। इसके बाद ही प्रदर्शनकारी किसान सड़क से हटे। हालांकि उनका पहले की तरह धरना जारी रहेगा। प्रशासन ने आंदोलनकारी किसानों को सहयोग का आश्वासन दिया है, लेकिन कानून हाथ में नहीं लेने की नसीहत भी दी है। इसके पहले पिछले चौबीस घंटे के दौरान किसानों के इस आंदोलन में कई तेवर देखने को भी मिले थे। थर्मल पावर के लिए रेलवे लाईन व पाइप लाईन बिछाने के लिए अधिग्रिहीत जमीन का प्रशासन द्वारा सीमांकन कराने व पांच किसानों की गिरफ्तारी से आक्रोशित किसान बुधवार को धरना स्थल से उठकर बक्सर कोचस मार्ग को जाम कर दिया था। किसानों के उग्र प्रदर्शन की जानकारी के बाद प्रशासन भी अपने स्तर से हर स्थिति से निपटने को तैयार था। रात में प्रदर्शनकारी किसान बक्सर कोचस मार्ग पर स्थित मुरा बाबा स्थान के पास जहां सड़क जाम किए थे। वहीं, लिट्टी चोखा बना कर खाया। इसके बाद अधिकांश किसान अपने घर चले गए थे। जबकि कुछ किसान रात में वहीं रूके थे। मध्यरात्रि



प्रदर्शन स्थल पर डटे किसानों से वार्ता करते अधिकारी

### सूचना मिलने पर मामले को संभालने पहुंचे एसडीओ

सुबह में इसकी जानकारी मिलते ही किसान एक बार फिर से उग्र हो गए थे तथा पुनः उस जगह पर पहुंच सड़क जाम कर दिए थे। इस दौरान दिन में कई बार प्रशासनिक टीम मौके पर पहुंच किसानों को समझाते रही। दोपहर बाद बक्सर एसडीएम धीरेन्द्र कुमार मिश्र के नेतृत्व में लगभग आधे घंटे प्रशासन और किसानों के बीच वार्ता हुई। यह सहमती बनी कि जिन लोगों को थाने पर बैठाया गया है। उन्हें छोड़ा जाए। साथ ही उचित मुआवजे की मांग को संबंधित विभाग के समक्ष रखा जाए। प्रशासन ने कहा हम अपने स्तर से हर सहयोग करने को तैयार हैं। लेकिन, रेट रिवाइज करने का अधिकार हमारा नहीं है। वहां आपकी बातों को पहुंचाया गया है। जैसा की पूर्व में डीएम के साथ हुई बैठक में आप सभी के साथ तय हुआ था।

### चौसा में बन रहे थर्मल पावर तक रेलवे लाइन बननी है

किसानों ने अधिकारियों के आश्वासन के बाद चौसा-कोचस मार्ग से हटने का निर्णय लिया। हालांकि इस हंगामे के कारण पिछले चौबीस घंटे से कामकाज प्रभावित हो रहा था। किसान धीरज तिवारी ने बताया कि चौसा में बन रहे थर्मल पावर तक रेलवे लाइन बननी है। इसके अलावा पानी का पाइप भी बिछाया जाना है। उसी के लिए भूमि का अधिग्रहण हो रहा है। किसान अपने लिए वर्ष 2022 के महंगाई दर के अनुरूप मुआवजे की मांग कर रहे हैं। जबकि प्रशासन वर्ष 2013 के दर से भुगतान की बात कर रहा है। जिसको लेकर पिछले 46 दिन से धरना चल रहा है। लेकिन, कुछ लोगों की मनमानी के कारण किसानों को उनका वाजिब हक नहीं मिल रहा है।

## एक नजर

### डीएपी खाद पहुंचते ही किसानों की जुटी भीड़, एक दिन में ही गोदाम हुआ खाली



**नावानगर।** प्रखंड क्षेत्र स्थित स्थानीय इफको बाजार में डीएपी खाद पहुंचते ही किसानों की भीड़ लग गई थी। स्थिति ऐसी हो गई थी कि इफको बाजार के काउंटर से लेकर डुमरांव-विक्रमगंज हाईवे के किनारे तक किसानों की लंबी कतार सुबह से ही लग गई थी। फलस्वरूप एक दिन में ही इफको बाजार के गोदाम डीएपी खाद से खाली हो गया। जबकि कई किसानों को खाली हाथ लौटना पड़ा। इफको बाजार नावानगर के मैनेजर प्रेम शंकर ने बताया कि जिला से उन्हें डीएपी खाद मात्र 500 बैग मिली थी। जिसे एक दिन में ही किसानों के बीच वितरण कर दिया गया। इधर क्षेत्र के किसानों के अनुसार इफको बाजार में 500 बैग डीएपी खाद ऊंट के मुंह में जीरा के समान साबित हुई है। उन्होंने कहा कि इस तरह इफको बाजार में खाद की व्यवस्था रही तो क्षेत्र के किसानों को अधिक मूल्य पर लोकल बाजार से खाद लेने पर मजबूर होना पड़ेगा। जो किसानों की जेब पर अतिरिक्त बोझ बन सकती है। गौरतलब है कि रबी फसलों की बुआई का पिक आवर चल रहा है। ऐसे समय में किसानों को डीएपी की सख्त जरूरत पड़ रही है। लेकिन डिमांड के अनुरूप कम आपूर्ति होने से किसानों की परेशानी बढ़ गई है।

### पूर्व मुखिया हत्याकांड में एक और आरोपी धराया

**बक्सर।** जिले के इंडस्ट्रियल थाना क्षेत्र के मझरिया गांव के पूर्व मुखिया की हत्या के मामले में पुलिस ने एक और गिरफ्तार कर लिया है। लेकिन, मामले में अब भी दो आरोपी फरार चल रहे हैं। जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। मामले के संबंध में एसपी नीरज कुमार सिंह ने बताया कि पूर्व मुखिया हत्याकांड मामले में छह लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गयी थी। जिनमें से तीन आरोपियों को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। छानबीन के क्रम में गत दिनों पुलिस को सूचना मिली कि हत्याकांड का एक आरोपी गुजरात के सूरत में छुपा हुआ है। जिसके बाद बक्सर पुलिस की एक टीम सूरत गई और स्थानीय पुलिस की मदद से चौथे आरोपी शक्ति को गिरफ्तार कर ले आयी। बक्सर आने के बाद शक्ति से पूछताछ की गई। जिसमें उसने बताया कि पूर्व मुखिया और उनके बीच पुराना विवाद चला आ रहा था। बीते दुर्गा पूजा को लेकर पांच अक्टूबर को पूर्व मुखिया के घर के पास पंडाल बनाया गया था। जिसमें पूर्व मुखिया धर्मेंद्र सिंह भी मौजूद था। जहां पास के बसवाड़ी में वे लोग मुखिया को मारने के लिए घात लगाकर बैठे थे। लेकिन, मुखिया के परिवार के एक सदस्य ने उन्हें देख लिया और स्थिति को भांपते हुए घर से बंदूक निकाल कर उनपर गोली चलाई। जिसके बाद उन्होंने भी गोलियां चलानी शुरू कर दिया। इस बीच पूर्व मुखिया धर्मेंद्र व उसके चाचा राजेश कुमार भी मौके पर पहुंचे। जिनपर गोलियां चलाई गई। दोनों ओर से 40 से 45 गोलियां चलाई गई थी। जिसमें पूर्व मुखिया वहीं ढेर हो गया और वे लोग वहां से फरार हो गए। बाकी दो लोगों को भी गोलियां लगी थी, जिनको बचा लिया गया। वारदात को अंजाम देने के बाद सभी यूपी में जाकर छुप गए थे। वहीं, एसपी ने बताया कि पकड़े गए सभी आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। जिनकी निशानदेही पर बाकी बचे दो लोगों को गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी की जा रही है। जल्द ही उनको भी पकड़ लिया जाएगा।

### चोरों ने 60 हजार नगद समेत कई सामान चुराए

**डुमरांव।** मुरार थाना क्षेत्र के अमसारी गांव में चोरों का कहर जारी है। चोरों ने फिर से एक घर में चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोरी की यहव वारदात सुधीर यादव के घर में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार पड़ोसी के छत के सहारे घर में घुसे तीन की संख्या में चोरों ने दो कमरों में सो रहे घरवालों के कमरे की कुंडी को बाहर से बंद कर तीसरे कमरे में एक बक्से में रखे 60 हजार नगद रूपए के साथ ही दो पासबुक, आधार कार्ड व ट्रैक्टर की चाबी चुरा लिए है। हालांकि मौके पर घरवालों की नींद खुलने से चोर फिर उसी रास्ते भाग खड़े हुए। जिससे किसान के दरवाजे पर खड़ी ट्रैक्टर चोरी होने से बच गई। गौरतलब है कि पिछले सप्ताह भी इस गांव से ट्राली समेत ट्रैक्टर की चोरी हो चुकी है। हालांकि यह ट्राली व ट्रैक्टर डुमरांव बीएमपी कैंप के पास से अगले दिन ही बरामद हो गया था। लेकिन लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों की चिंता बढ़ गई है।

# आठ क्विंटल चोरी की धान के साथ दो लोग पकड़ाए, तीसरे की गिरफ्तारी का प्रयास तेज

**केटी न्यूज/डुमरांव**

मंगलवार की रात कोरानसराय गांव से सटे पश्चिम बधार स्थित एक खलिहान से आठ क्विंटल धान की चोरी हो गई थी। संयोग से उस दिन पीड़ित किसान मिथिलेश तिवारी उर्फ फूलन तिवारी के घर शादी समारोह था। किसान का परिवार उसी समारोह में व्यस्त था। इधर मौका पा चोरों ने उनके खलिहान से आठ क्विंटल धान चुरा लिया था। बुधवार को जब किसान खलिहान गया तो देखा कि धान के बोरे नदारद थे। इसके बाद वह स्थानीय थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया।

पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कोरानसराय के ही सोमारू पासवान व महेन्द्र पासी नामक युवकों को पकड़ा। उनके पास से 80 किलोग्राम धान भी बरामद कर लिया गया। पुलिस जब दोनों से पूछताछ की तो दोनों ने अपना जुर्म भी कबूल लिया और बताया कि चोरी में उन दोनों के साथ दखिनांव गांव का जितेन्द्र भर भी शामिल था। पुलिस उसे गिरफ्तार करने गई, लेकिन वह गांव छोड़ फरार हो गया है। वहीं स्थानीय ग्रामीणों की मानें तो कोरानसराय इलाके में मादक पदार्थों के तस्कर व नशेड़ी पूरे दिन सक्रिय रहते है। नशे की लत को पूरा करने के लिए रात में नशेड़ियों द्वारा ही चोरी की घटना को अंजाम दिया जा रहा है। सूत्रों की मानें तो कोरानसराय इलाके में हर दिन चोरी की वारदात होती है। लेकिन पुलिस की उदासीनता से मादक पदार्थों के कारोबार पर लगाम नहीं लग पा रहा है। कोरानसराय थाना के प्रभारी थानाध्यक्ष जगन्नाथ प्रसाद ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।



- कोरानसराय में दो दिन पहले हुई थी आठ क्विंटल धान की चोरी

# मामूली बात पर दलित किशोर की पिटाई, पांच लोगों पर एफआईआर

**केटी न्यूज/डुमरांव**

नया भोजपुर थाना क्षेत्र के स्थानीय गांव के गजरांवा मुहल्ला में बुधवार की देर शाम मामूली बात पर दलित वर्ग के एक किशोर की पिटाई तथा जाति सूचक टिप्पणी का मामला प्रकाश में आया है।

इस संबंध में पीड़ित किशोर विकास रजक की मां गुड़िया देवी ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया है कि उसका लड़का विकास बुधवार की शाम झरनेश्वरनाथ शिवमंदिर की तरफ से आ रहा था। इसी दौरान मुहल्ले के ही अख्तर खां पिता स्व. टीपू खां उसे बिना किसी वजह मारने लगा तथा जातिसूचक टिप्पणी करने लगा। इसी दौरान उसका भाई सद्दाम भी आया तथा उसे डंडा पकड़ा और मारने को कहा तथा कहा कि तुमलोग एक घर इस मुहल्ले में हो सभी को मारकर भगा देंगे। इस दौरान मैने पुलिस को फोन किया। लेकिन पुलिस के आने के बाद भी उसकी मां, एक अन्य भाई इमरान खां तथा बहन रजिया खातून मेरे दरवाजे पर चढ़कर गाली गलौज करने लगी तथा मेरे साथ मारपीट को उतावले थे। इस दौरान किसी तरह मैं गश्ती वाहन में बैठ थाना पहुंची तथा लिखित शिकायत दर्ज कराया। वहीं, नया भोजपुर ओपी प्रभारी सुधीर कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि मामला दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।




- जातिसूचक टिप्पणी का विरोध करने पर उग्र हुआ आरोपी

## श्रीरूद्र महायज्ञ में बह रही है भक्तिरस की सरिता, गोते लगा रहे है श्रद्धालु

# श्रीकृष्ण जन्मोत्सव : नंद के घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की...

- रासलीला की हुई शरुआत, कृष्ण जन्मोत्सव व पुतना वध का मंचन देख आनंदित होते रहे श्रद्धालु

**केटी न्यूज/चौगाई**

ठोरी पांडेयपुर में आयोजित श्री रूद्र महायज्ञ में भक्तिरस की सरिता बह रही है। जिसमें हर दिन हजारों श्रद्धालु गोते लगा रहे है। गुरूवार को भी वैष्णमणि नारायणचार्य व यज्ञाचार्य पंडित उमाकांत ओझा के नेतृत्व में पूरे दिन अलग-अलग धार्मिक अनुष्ठान व हवन संपादित करवाए गए। श्रीमद भागवत कथा के प्रवचन के दौरान भी कथामृत के पान करने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो भागवत कथा का श्रवण कर रहे थे। जबकि सुबह से शाम तक यज्ञ मंडप की परिक्रमा करने वालों का भी तांता लगा रहा। शाम में वृंदावन से आए कलाकारों द्वारा रासलीला में श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव व पुतना के वध का बड़ा ही रोचक व सजीव मंचन किया गया। खासकर कृष्ण जन्मोत्सव के समय रासलीला मंडली द्वारा संगीत, नृत्य व भजनों उपस्थित श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया था। जैसे ही रासलीला मंडली द्वारा भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोसव को मंचित किया जाने लगा वहा मौजूद दर्शकों के करतल ध्वनियों व जयकारें से यज्ञ परिसर सहित पूरा गांव गूंजायमान हो गया था। दर्शक देर तक भगवान कृष्ण के जयकारे लगाते रहे। इस दौरान रासलीला मंडली द्वारा नंद के घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की तथा जन्मोत्सवस के कई अन्य गीत भी गाए गए। गौरतलब है कि इस महायज्ञ के आयोजन से गांव में भक्तिमय माहौल बना हुआ है तथा ग्रामीण तनम न धन से इस महायज्ञ को सफल बनाने में जुटे है। इसके पहले महान संत वैष्णवमणि नारायणाचार्य जी महाराज और महायज्ञ आयोजन समिति के अध्यक्ष रामनिवास तिवारी सहित महायज्ञ समिति के अन्य कई सदस्यों ने रासलीला का शुभारंभ दीप प्रज्वलित और मंचासीन राधे कृष्ण की पूजा अर्चना कर किया। इस दौरान सैकड़ो ग्रामीणों के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु भी मौजूद थे।



## शहर छोटी खबरें

### डीआईजी ने थाने का किया निरीक्षण

**बलिया।** जिले के फेफना थाना में गुरुवार को डीआईजी अखिलेश कुमार ने औचक निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक राज करन नैयर के साथ पहुचें डीआईजी को सर्व प्रथम गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। डीआईजी ने थाने परिसर में सभी आवास, मेस व असलहे तथा फाइलों का निरीक्षण किया। डीआईजी ने उपस्थित ग्रामीण व ग्राम प्रधानों से शिकायत या सुझाव मांगा। जब अधिकारी ने पुलिसकर्मी व एसएचओ से उनके किये कोई पांच कार्य गिनाने को कहा, तो सभी असफल रहे। इस निरीक्षण में एएसपी दुर्गा प्रसाद तिवारी, सीओ अशोक मिश्रा सहित सभी कई निरीक्षक सम्मिलित रहे।

### झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप

**मऊ।** हलधरपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की 22 वर्षीय युवती ने हलधरपुर थाने पर तहरीर देकर कहा है कि गांव का ही एक सजातीय युवक दो साल से उसे अपने प्रेम जाल में फंसा कर और विवाह का लालच देकर लगातार उसे शारीरिक संबंध बनाता रहा। जब वो शादी के लिए दबाव बनाती, तो वह आना कानी करता रहा। वह प्रति दिन मोबाइल से बात करता और शारीरिक संबंध बनाता। युवक की हरकत को देखकर मैंने अपने परिजनों को मामले की जानकारी दी, तो युवक उन्हें जान से मारने की धमकी देने लगा। युवती की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी।

### दुर्घटना में जख्मी युवक की मौत

**मऊ।** जिले के कोपागंज थाना क्षेत्र के शहरोज गांव के पास साइकिल सवार को एक अनियंत्रित पिकअप ने जोरदार टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। बताया जाता है कि कोपागंज थाना अंतर्गत डांडी खास निवासी रामबदन राजभर का बेटा आनंद राजभर शाम को साइकिल मऊ की ओर जा रहा था। शहरोज गांव के पास एक अनियंत्रित पिकअप ने जोरदार टक्कर मार दी। घटना के बाद लोगों ने उसे जिला चिकित्सालय लेकर पहुंचे, लेकिन चिकित्सक ने उसे वाराणसी के लिए रेफर कर दिया। लेकिन, रास्ते में स्थिति बिगड़ने पर परिजनों ने निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# हादसा टला: बाराकला हाल्ट के पास पैसेंजर ट्रेन गुजरने के दौरान तीन इंच चटकी रेल पटरी



- की-मैन ने दी स्टेशन मास्टर व दानापुर रेल कंट्रोल रूम को सूचना
- दो घंटे बाद शुरू हुआ ट्रैक मरम्मति का कार्य

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन- दानापुर रेल खंड के बाराकला हाल्ट के अप लाइन के पोल संख्या 677/10 के पास गुरुवार की सुबह उस वक्त हादसा टल गया, जब पैसेंजर ट्रेन के गुजरने के दौरान रेल पटरी करीब तीन इंच तक चटक गई। हालांकि, इस दौरान बड़ा हादसा टल गया। मामले की जानकारी सबसे पहले एक की-मैन को मिली। जो पैसेंजर ट्रेन गुजरने के बाद पैट्रोलिंग पर निकला था। की-मैन ने मामले की जानकारी दानापुर रेल कंट्रोल रूम को दी। जिसके बाद कंट्रोल रूम की सूचना पर ट्रैक मरम्मति के लिए टीम को भेजा गया।

बताया जाता है कि पैसेंजर ट्रेन गुजरने के बाद पेट्रोलिंग कर रहे की-मैन हंस नारायण की नजर टूटी रेल पटरी पर पड़ी, तो उसने इसकी सूचना रेल के अधिकारियों के साथ स्टेशन मास्टर को दी। पटरी चटकने की सूचना मिलते ही रेल प्रशासन में हड़कंप मच गया। दानापुर रेल कंट्रोल रूम में पटरी चटकने की सूचना पर तकनीकी कर्मचारियों की टीम मौके के लिए रवाना हो गई। घंटों की मशक्कत के बाद पटरी का मरम्मत कर रेल परिचालन पूर्ण रुप से सुचारू कराया गया। इस बीच रेल लाइन में कोई भी ट्रेन के आवागमन न होने पर रेल परिचालन पर इसका खासा असर नहीं पड़ा। इस दौरान रूट से गुजरने वाली ट्रेनों को कॉशन के जरिए धीमी गति से रवाना किया गया।

हंस नारायण ने बताया कि सुबह अप लाइन पर पैसेंजर ट्रेन के गुजरने के बाद करीब साढ़े पांच बजे विद्युत पोल संख्या 677/10 के पास रेलवे ट्रैक चटका हुआ मिला। जिसकी सूचना रेल कंट्रोल बोर्ड को देते हुए मरम्मत कराए गया। सुबह 7:30 बजे तक मरम्मत कर रेल परिचालन पुनः शुरू कर दिया गया। मरम्मत के दौरान दिल्ली हावड़ा रूट से गुजरने वाली ट्रेनों को काशन के जरिए धीमी गति से गुजारा गया। ट्रैक मैन पवन कुमार दुबे ने बताया कि रेल पटरी चटकने के बस उसकी मरम्मत कर दी गई। जिसके कारण रेल परिचालन पर इसका कोई असर नहीं पड़ा।

### अत्यधिक ठंड के कारण चटकती हैं पटरियां

**गाजीपुर।** रेल पटरियों के चटकने की घटना ठंड व गर्मी के मौसम के दौरान होती है। ट्रैक मैन पवन कुमार दुबे ने बताया कि ठंड के मौसम में रेल पटरियों के टूटने की संभावना बढ़ जाती है। पंद्रह डिग्री सेल्सियस से तापमान नीचे आते ही पटरियों पर लगातार पेट्रोलिंग शुरू कर दी जाती है। साथ ही, की-मैन को सख्त हिदायत दी जाती है कि टूटी पटरी को देखते ही तत्काल इसकी सूचना स्टेशन मास्टर को दे। उन्होंने बताया कि गर्मी के दिनों अत्यधिक गर्मी पड़ने से पटरियां फैलती हैं, जिसके कारण भी पटरियां चटकने का सिलसिला शुरू हो जाता है।

**अनिश्चितकालीन धरना : जनपद के सभी कॉलेजों में बाहरी लोगों का प्रवेश रोकने की मांग पर अड़े शिक्षक-कर्मचारी**

# जननायक चंद्रशेखर विवि के 138 कॉलेजों में शैक्षणिक व प्रशासनिक कार्यों का बहिष्कार

- शिक्षक कर्मचारी संघ के आह्वान पर धरना प्रदर्शन हुआ उग्र
- अराजक तत्वों की गिरफ़्तारी तक धरना-प्रदर्शन जारी रखने का लिया संकल्प

**केटी न्यूज/बलिया**



अनशन स्थल पर आयोजित सभा को संबोधित करते शिक्षक।

जनपद के 138 कॉलेजों के शिक्षक व कर्मचारियों ने गुरुवार से शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कार्यों का बहिष्कार शुरू किया। शिक्षक व कर्मचारियों का यह बहिष्कार अनिश्चिकालीन जारी रहेगा। सतीश चंद्र महाविद्यालय में शिक्षक कर्मचारी संघ के आह्वान पर धरना प्रदर्शन धीरे-धीरे उग्र रूप धारण कर चुका है। जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय शिक्षक एसोसिएशन (जनकुआक्टा) के अध्यक्ष प्रोफेसर अखिलेश राय एवं महामंत्री डॉ. अवनीश चंद्र पांडेय के नेतृत्व में जनपद के समस्त शिक्षक-कर्मचारियों ने न केवल शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कार्यों का बहिष्कार किया अपितु अराजक तत्वों की गिरफ़्तारी तक अनिश्चितकाल के लिए चल रहे धरना- प्रदर्शन जारी रखने का संकल्प लिया। इसकी अध्यक्षता देवेन्द्र महाविद्यालय, बेल्थरारोड के शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रो शिवाकांत मिश्रा ने की।

इस क्रम में स्ववित्त पोषित महाविद्यालय, प्रबंधक एसोसिएशन ने भी अपना समर्थन दिया। माध्यमिक शिक्षक संघ, प्राथमिक शिक्षक संघ एवं राज्य कर्मचारी शिक्षक संघ ने आंदोलन को पूर्ण समर्थन प्रदान करते हुए कहा कि जनपद के सभी कॉलेजों (स्ववित्त पोषित सहित) में बाहरी लोगों-छात्रों का प्रवेश निषिद्ध हो। साथ ही, कॉलेजों में बिना-रोक टोक के आ रहे अराजक तत्वों की अविलंब गिरफ्तारी और उनके विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने जोर देकर कहा कि इन मुद्दों पर जिला प्रशासन के निर्णय लेने तक शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कार्यों का पूर्ण बहिष्कार जारी रहेगा। सतीश चन्द्र कॉलेज के शिक्षक संघ ने जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर काल्पलता पांडेय को पत्र लिखकर मांग की है कि अविनाश सिंह नंदन का प्रवेश या उसकी डिग्री निरस्त की जाए। अवगत हो कि वर्तमान में वह हरिशंकर प्रसाद विधि महाविद्यालय चितबड़ागांव में स्नातक (विधि) का छात्र है।

इस अवसर पर माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष अरुण सिंह, प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह, माध्यमिक शिक्षक संघ के पूर्व अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव, कलेक्ट्रेट संघ के अध्यक्ष कौशल उपाध्याय, कलेक्ट्रेट संघ के महामंत्री संजय भारती, नगर पालिका स्वायत्त कर्मचारीचारी महासंघ के अध्यक्ष भारत भूषण मिश्र, राज्य कर्मचारी मण्डलीय अध्यक्ष सुशील त्रिपाठी, पालिटेक्निक शिक्षक संघ से श्री निखिलेन्द्र मिश्र, राजकीय शिक्षक संघ बलिया के अध्यक्ष डॉ. प्रमोद श्रीवास्तव, राज्य कर्मचारी संघ के महामंत्री वेद प्रकाश पाण्डेय, डॉ. समरजीत सिंह, प्रो. सच्चिदानंद मिश्र, प्रो. अशोक यादव, डॉ. अभिषेक आर्ष, प्रो निशा राघव, डॉ. सुचेता प्रकाश, प्रो अरविन्द नेत्र पाण्डेय, प्रो साहेब दूबे, प्रो फूलबदन सिंह, प्रो जैनेन्द्र पाण्डेय, प्रो निवेदिता श्रीवास्तव, प्रो ओम प्रकाश सिंह, प्रो. सच्चिदानंद राम, डॉ. अजित कुमार सिंह, डॉ. संजय मिश्रा, डॉ. विवेकानंद पाण्डेय, डॉ. अमर सिंह, डॉ. भारतेन्दु मिश्रा, डॉ. मनीषा मिश्रा सहित जनपद के समस्त प्राध्यापक-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## स्वामी सहजानंद पीजी कॉलेज के वार्षिकोत्सव में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा



**केटी न्यूज/बलिया**

स्वामी सहजानंद पीजी कालेज का वार्षिकोत्सव गुरुवार को धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष रमाकांत राय शर्मा द्वारा किया गया।

इस दौरान महाविद्यालय के संस्थापक स्व. केशव प्रसाद शर्मा की 102वीं जयंती भी मनाई गई। स्वर्ण जयंती वर्ष में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रबंध-समिति के पदाधिकारी, प्राचार्य सहित सभी प्राध्यापक- कर्मचारी, छात्र-छात्राएं आदि सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में महाविद्यालय के रोवर्स -रेंजर्स छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा दिखाई। इन छात्रों ने वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर की विभिन्न प्रतिस्पर्धा में महाविद्यालय के लिए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। ऐसे सभी छात्र- छात्राओं को पदक तथा प्रमाण -पत्र वितरित किए गए। इस मौके पर महाविद्यालय के एनसीसी इकाई के छात्रों - अनीश सोगरा, नेहा विश्वकर्मा, सत्यम उपाध्याय, रोहित कुमार आदि द्वारा पिछले दिनों जिला चिकित्सालय में किए गए रक्तदान कार्यक्रम के लिए प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। समारोह के प्रारंभ में मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा संस्थापक पंडित केशव प्रसाद शर्मा के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। बाद में महाविद्यालय के छात्रा संजना कुमारी तथा रीतिका पांडेय द्वारा नृत्य संबंधी कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

## भृगु आश्रम को कॉरिडोर के रूप में विकसित करने के लिए तैयारी शुरू



- बलिया सांसद व डीएम ने भृगु आश्रम का किया निरीक्षण

**केटी न्यूज/बलिया**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशानुसार जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल ने सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त के साथ भृगु आश्रम का निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य भृगु आश्रम को कारिडोर के रूप में विकसित करने के लिए तैयारियों का जायजा लेना था। माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भृगु आश्रम को कारिडोर के रूम में विकसित करने की घोषणा कुछ दिन पहले ही की थी।

इसी के मद्देनजर जिलाधिकारी और सांसद महोदय ने मंदिर के पुजारियों और व्यापारियों के साथ बैठकर इस संबंध में बातचीत की। बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि कारिडोर के विकसित हो जाने से न केवल आमजन को लाभ होगा बल्कि यह पर्यटन क्षेत्र के रूप में भी विकसित होगा। जिससे व्यापारियों और आमजन लोगों की आय बढ़ेगी और बलिया की संस्कृति और सभ्यता को बढ़ावा मिलेगा।

## विधानसभा की बैठक में उठेगा शहीद विनोद राजभर का मामला : पूर्व मंत्री

- ओमप्रकाश राजभर ने विनोद राजभर को शहीद का दर्जा दिलाने का दिया भरोसा

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



बिरनो थाना क्षेत्र के भागमलपुर गांव में शहीद विनोद राजभर का तीसरा शहदत दिवस मना। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मंत्री ओमप्रकाश राजभर व विशिष्ठ अतिथि पूर्व राज्यमंत्री डॉ. रमाशंकर राजभर रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ शहीद की माता दुलारी देवी, पिता तिलकधारी राजभर पत्नी पूनम देवी व उनके पुत्र सौरभ व गौरव ने अपने शहीद पिता के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। मुख्य अतिथि सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने अपने संबोधन में कहा कि पांच दिसंबर को विधानसभा में बैठक शुरू होगी। शहीद विनोद राजभर का मामला उठेगा। अगर यहां से काम नहीं बना, तो आप लोगों की दया व आशीर्वाद से सदन में पहुंचने का मौका दिया है। हम वहां भी आवाज बुलंद करने का काम करेंगे।

इस क्रम में शहीद विनोद राजभर को श्रद्धांजलि देते हुए पूर्व राज्यमंत्री रमाशंकर राजभर ने कहा कि एक प्रार्थना पत्र मुझे चार दिसंबर को दें। इस पर पहल होगी। शहीद की सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी, जब आप सभी अपने बेटा-बेटी को स्कूल भेजेंगे। कार्यक्रम में जखनियां विधायक वेदी राम, महिला नेता अमरावती सिंह, भाजपा नेता व ग्राम प्रधान विनोद गुप्ता, विधानसभा अध्यक्ष राजेंद्र यादव, भाजपा नेता रमेश सिंह पप्पू, समाजसेवी सत्येंद्र सिंह, मरदह ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि धर्मेंद्र सिंह, सुभासपा नेता पंकज दुबे, अवधेश राजभर, सुभासपा के जिलाध्यक्ष लल्लन राजभर, प्रधान रामनरायन राजभर, राजू राजभर, समाजसेवी लल्लन राजभर, ग्राम प्रधान अनिल राजभर व अन्य मौजूद रहें।

## एक नजर

### घरवालों के शादी से मना करने पर प्रेमी-प्रेमिका ने लगाई गंगा में छलांग



**गाजीपुर।** घरवालों के शादी से मना करने के बाद प्रेमी-प्रेमिका ने ऐसा कदम उठाया कि सभी हतप्रभ रह गए। मामला मुहम्मदाबाद कोतवाली के बच्छलकापुरा का है। जहां प्रेमी युगल ने गंगा घाट पर नदी में छलांग लगा दी। उस वक्त वहां मौजूद मल्लाहों ने दोनों को बचाने का पूरा प्रयास किया, लेकिन वह केवल प्रेमिका को ही बचा सके। जबकि नदी की तेज धारा में प्रेमी लापता हो गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक की तलाश शुरू कर दी है। मुहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 17 वर्षीय एक युवती प्रतिदिन भांवरकोल क्षेत्र में कृषि मजदूर के रुप में काम करने के लिए जाती थी। वहीं पर भांवरकोल थाने के पखनपुरा निवासी 20 वर्षीय नितेश कनौजिया भी काम करता था। दोनों के बीच प्रेम हो गया। प्यार इस कदर परवान चढ़ा कि दोनों ने शादी करने का निश्चय कर लिया, लेकिन अलग-अलग जाति के होने के कारण उनके परिजन विवाह के पक्ष मे नहीं थे। कोई रास्ता नहीं सूझने पर दोनों ने एक साथ आत्महत्या करने का निर्णय लिया। मंगलवार की रात में दोनों अपने घर से गायब हो गए थे। दूसरे दिन लगभग छह बजे बच्छलकापुरा गंगा तट पर पहुंचे और आत्महत्या करने की नियत से एक-दूसरे का हाथ थामकर गंगा में छलांग लगा दी। संयोग था कि उस समय गंगा घाट पर मल्लाहों ने प्रेमी युगल को गंगा में कूदते देख लिया और तत्काल गंगा में छलांग लगाकर दोनों को बचाने की कोशिश में लग गए। काफी मशक्कत के बाद मल्लाहों ने लड़की को तो बचा लिया, लेकिन लड़के का कोई पता नहीं चल पाया। लोगों ने घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। कुछ ही देर में प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार मिश्रा पुलिस बल के साथ बच्छलकापुरा गंगा तट पर पहुंचे और प्रेमी की तलाश शुरू करा दिया। साथ ही, लड़की को कब्जे में लेकर कोतवाली लाते हुए उसके परिजनों को सूचित किया। कोतवाल ने बताया कि लड़के की तलाश कराई जा रही है। देर शाम तक लड़के का पता नहीं चल सका था।

### कार की टक्कर से युवक गंभीर रूप से घायल, लोगों न अस्पताल में कराया भर्ती

**गाजीपुर।** गहमर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत गांव के ईदगाह के पास ताड़ीघाट -बारा मुख्य मार्ग पर तेज रफ्तार कार की टक्कर से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थिति गंभीर होने पर इलाज के लिए पहले उसे सीएचसी भदौरा, फिर जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया गया। इलाके के गहमर गांव के घोपाल राय पट्टी निवासी अजीत सिंह (38) पुत्र राम आशीष सिंह अपने खेत में सिंचाई कर रहे थे। अपने खेत के पास बने गड्ढे से पानी निकालने के लिए लगाए गए मोटर की देख-रेख कर रहे थे। तभी बारा की तरफ से आ रही एक कार अनियंत्रित हो उनको टक्कर मार दी। इससे उनके पैर एवं सर में चोट लग गई। आनन-फानन में परिजनों द्वारा सीएचसी भदौरा लाया गया, जहां स्थिति गंभीर होने पर उन्हें जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया गया। इस संबंध में सीएचसी प्रभारी डॉ. धनंजय आनंद ने बताया कि सीएचसी में बन रहे भवन की जांच के लिए आए इंजीनियरों की टीम बारा पीएचसी से जांच करके भदौरा आ रही थी। तभी यह घटना हो गई। घायल युवक के पैर में फ्रैक्चर हो गया है। उसे जिला चिकित्सालय के लिए रेफर किया गया, वहीं कोतवाल पवन उपाध्याय ने बताया कि गाड़ी को कब्जे में ले लिया गया है। तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## विश्व एड्स दिवस पर सीएमओ ने लोगों को दी जानकारी, किया आह्वान

# एचआईवी के खिलाफ लड़ाई में लोगों के एकसाथ आने की जरूरत

- विश्व एड्स दिवस पर निकाली गई जागरूकता रैली, चला हस्ताक्षर अभियान
- अभियान में नौ आईसीटीसी सेंटर व एआरटी सेंटर के कर्मचारियों ने भी लिया हिस्सा

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जिला स्वास्थ्य समिति के द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय से एड्स जागरूकता एवं बचाव के लिए एक रैली निकाली गई। गोरा बाजार के विभिन्न इलाकों से होते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय पहुंचा। जहां पर रैली में शामिल लोगों ने हस्ताक्षर अभियान में शामिल हुए और इसके पश्चात मुख्य चिकित्साधिकारी के सभागार में एक गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। जिसमें एड्स की भयावहता और बचाव के बारे में जानकारी दी गई। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. हरगोविंद सिंह ने बताया कि साल 1988 में विश्व एड्स दिवस को पहले इंटरनेशनल हेल्थ-डे के रूप में मनाना शुरू किया गया। यह दिन एचआईवी टेस्टिंग, रोकथाम और देखभाल लोगों को विश्व स्तर पर खुद को एक साथ जोड़ने के लिए प्रोत्साहित करने के बारे में है। यह दुनियाभर के लोगों के लिए एचआईवी के खिलाफ लड़ाई में एक साथ आने, एचआईवी के साथ जी रहे लोगों को सपोर्ट करने और इससे जान गंवाने वालों को याद करने का एक दिन है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्दाबाद के अधीक्षक डॉ. आशीष राय ने बताया कि विश्व एड्स दिवस को लेकर कई स्वास्थ्य केंद्रों पर पोस्टर के माध्यम से आने वाले मरीजों उनके परिजनों को जागरूक करने का काम किया गया। एड्स का खतरा एक से अधिक लोगों से यौन संबंध रखने वाला व्यक्ति, वेश्यावृति करने वालों से यौन संपर्क रखने वाला व्यक्ति।नशीली दवाईयां इंजेक्शन के



द्वारा लेने वाला व्यक्ति, यौन रोगों से पीडित व्यक्ति, पिता/माता के एचआईवी संक्रमण के पश्चात पैदा होने वाले बच्चे। बिना जांच किए हुए खून लेने वाला व्यक्ति एड्स से बचाव, जीवन-साथी के अलावा किसी अन्य से यौन संबंध नहीं रखे। यौन सम्पर्क के समय निरोध (कंडोम) का प्रयोग करें। मादक औषधियों आदि व्यक्ति के द्वारा उपयोग में ली गई सीरिंज व सूई का प्रयोग न करें। एड्स पीड़ित महिलाएं गर्भधारण न करें। उनसे पैदा होने वाले शिशु को यह रोग लग सकता है। रक्त की आवश्यकता होने पर अनजान व्यक्ति का रक्त न लें और सुरक्षित रक्त के लिए एचआईवी की जांच किया हुआ रक?त ही ग्रहण करें। कार्यक्रम में एचआईवी टीबी प्रोग्राम के चार पार्टनर संस्था, ज्योति ग्रामीण संस्था, सेंटर ऑफ टेक्नोलॉजी एंड एंटरप्रेन्योर, अहाना के साथ ही सुभेछा परियोजना के लोग शामिल रहे। साथ ही जनपद के नौ आईसीटीसी व एआरटी सेंटर के कर्मचारियों के साथ एसीएमओ डॉ. मनोज सिंह, डॉ. जेएन सिंह, डॉ. एसडी वर्मा, डॉ. सुजीत मिश्रा, डॉ. मिथिलेश सिंह, अनुराग पांडेय, संजय सिंह यादव, श्वेताभ गौतम, रविप्रकाश, सुनिल वर्मा, अंजु सिंह स्वर्ण लता सिंह, श्वेता, संगीता और अन्य लोग शामिल रहे।